राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www. rsmsssb.rajasthan.gov.in *दूरभाष नं. 0141–2722520*

क्रमांक: प.14(68)RSSB / अर्थना / शीघ्र.लि. / भर्ती / 2018 / 411 **दिनांक :** 04/05/2022

–: कार्यालय आदेश :–

राजस्थान सचिवालय मंत्रालयिक सेवा नियम–1970, राजस्थान लोक सेवा आयोग (लिपिकवर्गीय एवं अधीनस्थ) नियम तथा विनियम, 1999 एवं राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा नियम–1999 के अर्न्तगत क्रमशः शासन सचिवालय, राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के माध्यम से राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों / कार्यालयों के लिए **शीघ्रलिपिक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा–2018** के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 1155 एवं अनुसूचित क्षेत्र के लिए 56 कुल 1211 पदों पर भर्ती हेतु दिनांक 23.03.2022 को सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु आदेश जारी किया गया था।

इसी कम में माननीय न्यायालय में दायर रिट संख्या 13654 / 2022 में पारित आदेश की पालना में **अभ्यर्थी रोलनम्बर 163519** को अस्थाई सूची में सम्मिलित कर पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अस्थाई रूप से (Provisionally) अनुमत किया जाता है। अभ्यर्थी दिनांक 05.05.2022 को प्रातः 10.00 बजे **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर** में पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

01. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं **शीघ्रलिपिक सीधी भर्ती परीक्षा–2018** के लिये दिनांक 04.07.2018 एवं यथा संशोधित विज्ञप्तियों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in → Candidate Corner → Detailed Scrutiny Form → Archive → New Detailed Scrutiny Form** पर उपलब्ध है।

02. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100 / रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।

03. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी (अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी (भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति (विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**

04. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

05. सभी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रूपये से कम है तथा उन्होने परीक्षा शुल्क 250 रूपये जमा कराये है, ऐसे अभ्यर्थी अपने परिवार की वार्षिक आय रूपये

2.50 लाख से कम होने का सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र पात्रता जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के समय आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

06. कोरोना (COVID-19) महामारी के मध्यनजर उक्त दस्तावेज सत्यापन के कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार दस्तावेज सत्यापन दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से साथ लेकर उपस्थित होवें।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव